# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष/फैक्स : 01342–252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 4358/ प्रेस कटिंग /37 दिनांकः–21.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :– उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से द्वारा प्राप्त दैनिक भास्कर दिनांक 10 अगस्त 2026 प्रेस कटिंग **'' जल जीवन मिशन की टंकी डेढ़ साल से सूखी– अफजलगढ़ के कुआँखेड़ा में ग्रामीण पेयजल को तरसे''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः–

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| अफजलगढ़। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुआँखेड़ा में जल जीवन मिशन के तहत दो वर्ष पूर्व निर्मित ओवरहेड टैंक से डेढ़ वर्ष से पानी की आपूर्ति ठप है। पाइपलाइन बिछाने और टंकी बनने के बाद कुछ समय तक पानी आया, लेकिन अब ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं।<br><br>स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर संबंधित जूनियर इंजीनियर से कई बार शिकायत की, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। पानी की आपूर्ति बहाल करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।<br><br>ग्रामीणों की शिकायत पर शिवसेना जिलाध्यक्ष चौधरी संजय राणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं। इस दौरान ऊषा कौर, जमीर सिंह, सुखदयाल सिंह, आशीष, फतेह सिंह, कृष्णारानी, मोनिका रानी, राजरानी, मुख्तियार सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, सुबा सिंह, जसपाल सिंह, श्रवण कुमार, प्रभुजोत सिंह, सरजीत कौर, जसवंत सिंह, जीत सिंह, जोगिंदर सिंह, जगतार सिंह, गुरमीत सिंह, परगट सिंह, हरजीत सिंह और कुलवंत सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल की गंभीर समस्या है।<br><br>ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कोई भी इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं है। अपने खर्च पर नल लगवाना सामान्य व्यक्ति की पहुंच से बाहर है। व्यक्तिगत नलों से भी गंदा पानी आता है। पीने के लिए रात में घड़ों में पानी भरकर रखा जाता है, जिसमें फिटकरी और चूना डालकर अगले दिन शोधन के बाद उपयोग किया जाता है। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम कुंआखेड़ा, विकास खण्ड अफजलगढ़ में फेज–।।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना के अन्तर्गत दिनांक 14.08.2026 को सम्बन्धित समबन्धित जूनियर इंजीनियर एवं एजेन्सी के इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं अवगत कराया गया कि योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय, टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाईन का कार्य पूर्ण है, मात्र अवर जलाशय के पाइप ज्वांइटिंग का कार्य अवशेष है ग्राम में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अवशेष कार्य एक माह में पूर्ण कर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायेगीं।<br>एजेन्सी के पत्रांक VTLGaja-JV/SWSM/Bijnor/2026-27/1633 Dated 13-08-2026 के द्वारा योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत डायरैक्ट पम्पिंग से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 01 माह में अवशेष कार्य पूर्ण कर ग्राम में अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायगी।<br>योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने एवं ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी एजेन्सी को निर्देशित कर दिया गया हैं। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
5– श्री दीपक कुमार सहायक अभियन्ता/श्री प्रदीप कुमार जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

3 LOA No. 240- ... Comp... ...ah... ...Jec...

**Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV**
Club 125, 6th Floor, Tower 'A', Plot No.-3,4 & 5, Sector 125, Noida -201301, India
P: +91-120-4950200 | F: +91-120-4950222 | E: epc.upjal@vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

**Ref: VTL-GAJA JV/SWSM/BIJNOR/2026-27/1633** **Date: 13-08-2026**

To,
The Executive Engineer,
UP Jal Nigam, Near, Laddapura Water
District Bijnor, U.P.

Project: - "Implementation of various Rural Water Supply projects in the State of Uttar Pradesh under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor, and Moradabad Division.

**Subject: In reference of Digital Media Complaint at scheme Kunwa Khera Block Afjalgarh under JJM-Phase-III in District Bijnor, Moradabad Division, and U.P.**

Ref.:

1. NIT No. 2481/W-22/NIT/2020-21 dated 27/10/2021.
2. LOA No. 3558/W-25 (Moradabad)/2021-22 dated 07/01/2022.
3. Agreement No. 01/ED/Phase-3/2021-22 dated 07/01/2022.

Dear Sir,

With reference to the above cited subject, we would like to inform you that we had been nominated as implementing agency for the work of Rural Water Supply projects under Jal Jeevan Mission-III, District Bijnor.

In reference to the Digital Media Complaint regarding the scheme at Kunwa Khera, Block Afjalgarh, concerning the completion of execution work and the start of regular water supply in the scheme, we would like to inform you that at Kunwa Khera, all civil work has been completed, and only the DI/DF work is pending. In this scheme, we have completed the DN work and started regular water supply (90 percent) through direct pumping. Within a month, we will complete the pending work and start the regular supply through the OHT.

Thank you for your attention and cooperation.

For and on behalf of Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV,

Authorized Signatory

ग्राम पंचायत कुंआखेड़ा, विकास खण्ड अफजलगढ़ जनपद बिजनौर।










